नवभारत
ग्वालियर सोमवार 01 दिसम्बर , 2025 03

# मैरिज गार्डन में पहली पत्नी के पहुंचते ही मचा हंगामा, स्टेज छोड़कर भागा दूल्हा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** यहाँ एक मैरिज गार्डन में उस वक्त हंगामा मच गया जब दूल्हे की पहली पत्नी शादी में पहुंच गई और हंगामा मचा दिया। पहली पत्नी ने

**फोन पर 3 बार तलाक बोलकर रचा रहा था दूसरी शादी**

स्टेज पर दूल्हा बनकर बैठे पति को पकड़कर नीचे खींच लिया और हंगामा किया। हंगामा करने वाली महिला का आरोप है कि वो दूल्हे की पहली पत्नी है और फोन पर तीन बार तलाक कहकर पति दूसरी शादी कर रहा था। शादी में हंगामे की खबर लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई लेकिन तब तक दूल्हा शादी से फरार हो गया था।

शहर के बहोड़ापुर स्थित मयूर

गार्डन में जीशान मिर्जा नाम के युवक की शादी हो रही थी। मेहमान पहुंच चुके थे और स्टेज पर दुल्हन की एंट्री होने ही वाली थी, लेकिन उससे पहले एक महिला ने गार्डन में एंट्री की और हंगामा मच गया। महिला नेहा सीधे स्टेज के पास पहुंची और दूल्हे जीशान को पकड़कर नीचे खींच लिया। हंगामा होने के बाद नेहा ने बताया कि वह जीशान की पहली पत्नी है और उनका निकाह 17 दिसंबर 2023 को हुआ था। शादी के एक महीने बाद ही जीशान ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था और वह अपने मायके में अपनी मां के साथ रह रही थी। उनके तलाक का मामला अभी कोर्ट में चल रहा है नेहा ने बताया कि उसके पड़ोसियों ने उसे सूचित किया कि जीशान दूसरी शादी कर रहा है। वह तुरंत बहोड़ापुर थाने पहुंची, लेकिन वहां सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह एसएसपी कार्यालय पहुंची, जहां एसएसपी धर्मवीर सिंह ने तत्काल थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी बीच नेहा मैरिज गार्डन पहुंची और हंगामा मच गया।

दूल्हा जीशान समझ गया कि अब उसकी दूसरी शादी के अरमान पूरे नहीं होने वाले हैं, इसलिए वह मंडप से भाग गया। इसके बाद, दूसरी लड़की का परिवार भी हंगामे के बाद कार्यक्रम छोड़कर चला गया। तड़के तक मैरिज गार्डन में अफरातफरी का माहौल रहा।

## ग्वालियर में भी समारोहपूर्वक मनेगा गीता जयंती महोत्सव

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** ग्वालियर जिले में भी 01 दिसम्बर को श्रद्धा भाव के साथ एवं समारोहपूर्वक गीता जयंती महोत्सव मनाया जायेगा। युगावतार भगवान श्रीकृष्ण के मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण प्रदेश में गीता जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। गीता जयंती सोमवार 01 दिसम्बर को जीवाजी विश्वविद्यालय के खेल मैदान में एक साथ 5100 सुधीय नागरिकों द्वारा गीता स्वाध्याय एवं श्रीमद् भागवत गीता अध्याय-15 पुरुषोत्तमयोग: का पाठ किया जायेगा। गीता जयंती के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में प्रशासन ने मंत्रिगण, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। इसके साथ ही विद्यालयों के विद्यार्थी भी कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भागीदारी करेंगे।

# जेसीआई इंडिया के मंडल 6 की कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** जेसीआई इंडिया के मंडल 6 के सबसे बड़े व पुराने अध्याय जेसीआई ग्वालियर की वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव होटल 'क्लाक्स इन सुइट्स' में चुनाव अधिकारी पूर्व अध्यक्ष जेसी आनंद शर्मा द्वारा में सम्पन्न करवाये गये ।

इस अवसर पर वर्ष 2026 के लिए अध्यक्ष पद हेतु जेसी कपिल अग्रवाल एवं मानसेवी सचिव पद हेतु जेसी विजय अग्रवाल को अपनी नवीन ऊर्जा से भरपूर सम्पूर्ण कार्यकारिणी के साथ निर्विरोध रूप से चुना गया ।

अपने स्वीकृति उद्बोधन में नवीन अध्यक्ष 2026 द्वारा कहा गया कि आगामी वर्ष एक ऐतिहासिक वर्ष साबित होगा और इस वर्ष भी अध्याय की गरिमा के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे , वर्ष 2026 में भी नेशनल की गाईड लाइन का पालन करते हुए संस्था को और भी सशक्त बनाने के लिए सदस्यों के साथ मिलकर एवं सकारात्मक परिवर्तन



के साथ अच्छे कार्यक्रम करूंगा , प्रक्षिक्षण व व्यापार के सभी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर जेसीआई ग्वालियर के इतिहास में एक और स्वर्णिम पृष्ठ जोड़ने का प्रयास करूँगा । इस अवसर पर वार्षिक साधारण सभा का भी आयोजन अध्यक्ष जेसी अभिनव सिंघल की अध्यक्षता में किया गया । इस अवसर पर मानसेवी सचिव जेसी प्रतीक अग्रवाल, सभी उपाध्यक्षगण, पूर्व अध्यक्षगण जेसी साकेत गुप्ता, जेसी मानव मेहरा, जेसी वरूण अग्रवाल, जेसी मुकेश जैन, जेसी नीलेश बिंदल, जेसी रीतेश अग्रवाल तथा जेसी सदस्य उपस्थित थे ।

नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष-जेसी कपिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष-जेसी सुमित सिंघल, जेसी प्रतीक अग्रवाल, जेसी तरुण अग्रवाल, जेसी अर्पित गगरानी, जेसी योगेश गुप्ता, जेसी अभिराज बंसल एवं सचिव-जेसी विजय अग्रवाल तथा सह सचिव-जेसी विपुल रजवाड़े, कोषाध्यक्ष-जेसी नितिन गंगेले, सह कोषाध्यक्ष-जेसी शुभम मित्तल एवं 15 सदस्यीय संचालक मंडल के सदस्यों की भी नियुक्ति की गई।

# रोटरी ग्रुप स्टडी एक्सचेंज के तहत पांच रोटेरियन अमेरिका से ग्वालियर आये

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** रोटरी अंतर्राष्ट्रीय का प्रमुख प्रोजेक्ट रोटरी ग्रुप स्टडी एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पांच रोटेरियन अमेरिका के डिस्ट्रिक्ट 6490 भारत के डिस्ट्रिक्ट 3053 में आये है उनका तीन दिवसीय प्रवास ग्वालियर में रहेगा। रोटरी क्लब ग्वालियर में उनका स्वागत किया गया एवं होटल सेंट्रल पार्क सायाजी में रोटरी क्लब ग्वालियर की मीटिंग आयोजित की गई। क्लब के अध्यक्ष राहित जैन, सचिव अखिल अग्रवाल ने पांचों रोटेरियन साथियों का परिचय देते हुये बताया कि टीम लीडर श्री गुलशन, श्री रोजर, श्री गुलशन, सुश्री मिशेल, श्री बलवंत व श्री डगलस उपस्थित रहे।

मीटिंग में उन्होंने अमेरिका में अपनी डिस्ट्रिक्ट के बारे मे

**मित्रता और सेवा रोटरी का प्रमुख उद्देश्य, सेवा के प्रोजेक्ट प्रदर्शित किये गये**

जानकारी दी एवं उनके द्वारा विश्वभर में की जा रही सेवा का अनुभव बताया। साथ ही वह अपनी डिस्ट्रिक्ट और म.प्र. की डिस्ट्रिक्ट के साथ मिलकर क्या सेवा कार्य हो सकते है इस पर भी प्रकाश डाला।

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के नवनिर्वाचित प्रांतपाल डॉ प्रदीप पाराशर ने बताया कि इस विजीट के बाद हम रोटरी क्लब ग्वालियर की ब्लड बैंक प्रोजेक्ट में डिस्ट्रिक्ट 6490 को अंतर्राष्ट्रीय पार्टनर के रूप में अपने साथ जोड़ सकते है।

रोटरी क्लब के डॉ. वीरेन्द्र गंगवाल, भूपेन्द्र जैन, आर. एस. राठी, उदित चतुर्वेदी, शुभांगी चतुर्वेदी, उर्वशी जैन, राकेश मल्होत्रा, राजेन्द्र मल्होत्रा, राघव गुप्ता, अनिल महेश्वरी, प्रभात भार्गव, राजेन्द्र भार्गव, आर. पी. सिंह, पियूष भार्गव, ज्योति भार्गव, आदित्य जैन, राजकुमार शिवहरे, भावना शिवहरे, ललित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# एसआईआर की मियाद 7 दिन के लिए और बढ़ी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 30 नवंबर को संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है।

जारी कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया अब 14 फरवरी 2026 तक चलेगी। इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16

दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 16 दिसंबर से 7 फरवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 14 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्यक्रम में किए गए संशोधन के पश्चात 4 दिसम्बर तक सभी मतदाता अपने-अपने गणना पत्रक भरकर बीएलओ को अनिवार्यत: जमा करें, ताकि उनके डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा सके।

उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि जिन मतदाताओं को गणना पत्रक भरने में किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वे अपने बीएलओ एवं जिला प्रशासन द्वारा जनमित्र केन्द्रों, तहसीलों एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित सहायता केन्द्र से भी सहयोग प्राप्त कर सकता है।

सभी मतदाता राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें और अपने व अपने परिवार के गणना पत्रक 4 दिसम्बर तक भरकर अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास जमा करें।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए नवीन दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया है। साथ ही कहा है कि जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा।

## भारत में जन्मे चीते ने पहली बार अपने से अधिक वजनी नीलगाय का किया शिकार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** कूनो नेशनल पार्क से मादा चीता 'ज्वाला' का शावक इन दिनों राजस्थान में है। भारत में जन्मा यह चीता शावक राजस्थान की जलवायु और जंगलों में खूब रच-बस रहा है। वह तीन दिनों से किशनगंज के रामगढ़ की पहाड़ियों में आराम कर रहा है। रामगढ़ के पहाड़ी क्षेत्र में उसने अपने से कई गुना भारी नीलगाय का भी शिकार किया। भारत में जन्मे चीते द्वारा इतने बड़े आकार के मवेशी का शिकार करने का यह पहला मामला है। राजस्थान और मध्य प्रदेश के वन अधिकारी व विशेषज्ञ इसकी लगातार ट्रैकिंग कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार चीता सामान्यत: छोटे और मध्यम आकार के घास के मैदानों में रहने वाले जानवरों का शिकार करता है। वे काला हिरण, चीतल, सांभर के छोटे बच्चे, इम्पाला (बड़ा हिरण), खरगोश तथा कभी-कभी छोटे पक्षियों को भी शिकार बनाते हैं॥ श्योपुर के कूनो से राजस्थान के बारां जिले के रामगढ़ क्षेत्र की दूरी करीब 60 किमी है। 'ज्वाला' का यह शावक पिछले एक माह से श्योपुर जिले के सामान्य वन मंडल के आवदा क्षेत्र और श्योपुर-बारां बॉर्डर के जंगलों में घूम रहा था। अपनी टेरिटरी की तलाश में वह कई बार इसी क्षेत्र में नजर आया। चार दिन पहले गुरुवार को उसने पार्वती नदी पार की और राजस्थान के बारां जिले के रामगढ़ जंगल में प्रवेश किया था।

# कांग्रेस ने की एसआईआई अभियान की प्रगति की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर आयोजित संयुक्त बैठक में ग्वालियर जिले में एसआईआर अभियान की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में

**कॉंग्रेसजन अपनी पोलिंग पर घर-घर पहुंचकर मतदाताओं की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे : सुरेन्द्र यादव**

कांग्रेस के सभी ब्लॉक अध्यक्षगण एवं एसआईआर अभियान के लिए नियुक्त ब्लॉक प्रभारियों ने भाग लिया। इस बैठक ने न केवल अभियान की मजबूती को सुनिश्चित किया, बल्कि कांग्रेस की जनसेवा की प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाने का संकल्प भी लिया।

बैठक में एसआईआर अभियान के कार्य की गहन समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि कांग्रेस के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व

विधायक, महापौर, कांग्रेस पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, सभी चुनाव लड़ चुके प्रत्याशीगण, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, तथा कांग्रेस प्रकोष्ठ एवं मोर्चा संगठनों के अध्यक्षगण अपनी-अपनी पोलिंग बूथों की मतदाता सूची के अनुसार प्रत्येक मतदाता से व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। वे मतदाताओं के एसआईआर गणना पत्रक की पूरी जानकारी लेंगे और यदि किसी मतदाता को एसआईआर फॉर्म भरने में कोई परेशानी या अन्य दिक्कत आ रही है, तो उसे बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से तत्काल संपर्क कर दूर कराने का हरसंभव प्रयास करेंगे। यह निर्णय न केवल मतदाता पंजीकरण को सरल बनाएगा, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि हमारा संकल्प है कि ग्वालियर के हर मतदाता को सशक्त बनाया जाए। यह अभियान केवल फॉर्म भरने तक सीमित नहीं, बल्कि हर नागरिक को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का माध्यम है। यदि कोई भी मतदाता परेशान है, तो कांग्रेस उसके साथ खड़ी है। हम बीएलओ से लेकर उच्च स्तर तक हर कदम पर सहायता सुनिश्चित करेंगे। यह अभियान न केवल पंजीकरण बढ़ाएगा, बल्कि कांग्रेस की सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाएगा। एसआईआर अभियान की प्रगति रिपोर्ट को जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जाएगा।बैठक में अशोक प्रेमी, इब्राहिम पठान, मेहबूब खां चेन वाले, रामनरेश परमार, देशराज भार्गव एड, भैयालाल भटनागर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौहान, राजेश बाबू, राजेश खान, भूपेन्द्र तौमर, सोनू भदौरिया, मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, महेश मधुरिया, सत्यभान चौहान, राकेश शर्मा, उदयराज योगी, वीरेन्द्र सिंह यादव, हरेन्द्र कुमार, सोनू सिंह राजावत, अंकुर गोयल, राजेश सिंह कुशवाह, कैलाश चावला, उपेन्द्र सिंह राजपूत, जसवंत शेजवार, मनोज जैन, श्यामसुंदर, बुंदू खान, एम.के. कुरैशी, नाजिम खान आदि उपस्थित थे।

शहर जिला काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बताया कि आज दिनांक 1 दिसंबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोल पहाड़िया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राम मंदिर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक 2 तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक 4 पर पहुँचकर प्रत्येक ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के एसआईआई कार्य की प्रगति की समीक्षा एवं निरीक्षण करेंगे.

## नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 13 को

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय पिछोर जिला ग्वालियर में विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा-6 के लिये 13 दिसम्बर को आयोजित की जा रही है। विद्यालय में चयन हेतु अभ्यर्थी प्रवेश पत्र को लिंक https://cbseitms.rcil.gov.in/ से निकाल सकते हैं। प्राचार्य नवोदय विद्यालय पिछोर श्री अविनाश मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को अपने साथ प्रवेश पत्र, आधारकार्ड एवं निवास प्रमाण-पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

## 84वी अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता 2 दिसंबर से

**ग्वालियर 30 नवम्बर.** खेल नगरी ग्वालियर एक बार फिर से रोमांच, जज़्बे और शानदार हॉकी खेल का साक्षी बनने जा रहा है। 2 दिसंबर से 10 दिसंबर तक रेलवे हॉकी स्टेडियम, तानसेन रोड पर प्रसिद्ध 84वी अखिल भारतीय सिंधिया स्वर्ण कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आयोजित यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट देश की जानी-मानी टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबलों का मंच बनेगा। उपायुक्त सह नोडल अधिकारी खेल सत्यपाल सिंह चौहान ने बताया कि महापौर डॉक्टर शोभा सतीश सिंह सिकरवार एवं सभापति मनोज तोमर के मार्गदर्शन एवं नगर निगम आयुक्त संघप्रिय के निर्देशन में आयोजित इस प्रतिष्ठित हॉकी प्रतियोगिता में देश की विभिन्न ख्याति नाम टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता में चार पूल बनाए गए हैं, जिनमें देशभर की शीर्ष और उभरती हॉकी टीमें शामिल हो रही हैं। प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन 2 दिसंबर को सुबह 11 बजे रेलवे हॉकी स्टेडियम में होगा। नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और खेल जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में पहला मैच खेला जाएगा। विजेता टीम को आकर्षक ट्रॉफी के साथ 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं 3 लाख रुपए नकद इनाम मिलेगा। दोनों टीमों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को व्यक्तिगत रूप से भी सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभागी टीमों के ठहरने, परिवहन और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था नगर निगम और रेलवे प्रशासन द्वारा की गई है। टीमों को रेलवे स्टेशन से सीधे होटल तक ले जाने के लिए बसों व अधिकारियों को लगाया गया है। स्टेडियम में टर्फ, लाइटिंग, चेंजिंग रूम और दर्शकदीर्घा की विशेष सफाई एवं सजावट की गई है। 2 से 10 दिसंबर तक ग्वालियर हॉकी के शानदार मुकाबलों से गूंज उठेगा। देश के बेहतरीन खिलाड़ी, दमदार गोल, रोमांचक पेनल्टी कॉर्नर और लगातार बदलते स्कोर—यह सब कुछ खेल प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने वाला है। ग्वालियर के हॉकी प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट किसी उत्सव से कम नहीं होगा।

### आम सूचना

सर्वसाधारण एवं खास को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री केशव सिंह, निवासी - हैदराबाद, गच्चीबावली, के. वी. रंगारेडडी, तेलंगना (म.प्र.) ने भावी बिक्रेता श्रीमती सोना देवी पत्नी श्री विजय सिंह, निवासी अशोक नगर, व्ही.टी.आई. रोड, भिण्ड (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 825 वर्गफिट होकर जो सर्वे क्रमांक 283/2 व 284/2 ग्राम डांग सरकार, परगना गोहद एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) में स्थित होकर जिसके पूर्व में प्लॉट निक्की, पश्चिम में प्लॉट दीगर, उत्तर में प्लॉट दीगर व दक्षिण में 20 फीट रोड है, को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था के यहां ऋण हेतु आवेदन किया है जिस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। भावी बिक्रेता श्रीमती सोना देवी ने उक्त प्लॉट पूर्व स्वामी महेन्द्र सिंह पुत्र श्री तेजा सिंह से एक बड़ा प्लॉट 1925 व.फी. जर्ये रजि. बिक्रयपत्र पंजी क्रमांक एमपी042852024 ए1995862 व पंजी. दिनांक 06.08.2024 से क्रय किया था। पूर्व स्वामी महेन्द्र सिंह के अतिरिक्त उक्त सर्वे क्रमांक की भूमि के अन्य सह स्वामी रहे है किन्तु आवेदकानुसार पूर्व स्वामी ने अपने हिस्से की संपत्ति से ही उक्त प्लॉट बिक्रय किया गया है जिसमें सहस्वामियों को कोई आपत्ति नहीं है। चूंकि उक्त संपत्ति पर ऋण देना प्रस्तावित है इसलिये यदि कोई व्यक्ति बैंक, संस्था, निकाय आदि उक्त संपत्ति पर सहस्वामित्व के आधार पर या अन्यथा की किसी आधार पर कोई हक या आपत्ति रखता है और उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने में कोई या कैसी भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् कोई भी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। इति दिनांक 29.11.2025

प्रेषक- गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)
कार्या./नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शांती देवी पत्नी श्री अनिल कुमार ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 16 व 15 का भाग स्थित, वार्ड क्र. 61, गुलाबपुरी बड़ागॉंव, ग्राम खुरैरी एवं तहसील मुरार व जिला ग्वालियर के सर्वे न. 857 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- प्लॉट क्र. 16 का भाग, पश्चिम में- प्लॉट क्र. 16 का भाग (आरती व आकाश), उत्तर में- प्लॉट क्र. 19 व 20 का भाग, दक्षिण में- आम रास्ता 20 फुट व कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमती सुमन राणा पत्नी श्री बहादुर सिंह के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान अमृतलाल दत्तक पुत्र श्री बद्रीप्रसाद के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात श्रीमान अमृतलाल दत्तक पुत्र श्री बद्री प्रसाद द्वारा श्रीमान दिलीप सिंह पुत्र श्री चंदन सिंह व श्रीमान कुलदीप सिंह पुत्र श्री राधाकिशन को रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख सरल क्र. 2752 व ग्रंथ क्रमांक 23604 व दिनांक 24.09.2011 से विक्रय की गई। तत्पश्चात केवल श्रीमान दिलीप सिंह पुत्र श्री चंदन सिंह द्वारा श्रीमती सुमन राणा पत्नी श्री बहादुर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP142592018A1683340 व दिनांक 08.10.2018 से विक्रय की गई। तदानुसार अब उक्त संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 30.11.2025

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय - 'मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट' ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर
मो.9826820987

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कीर्ति गुर्जर पत्नी श्री रिंकू सिंह ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 34, बिस्मिल नगर, वार्ड नंबर 05, ग्राम जौरी एवं तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना के सर्वे क्र. 259/13 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- रोड 20 फुट ,पश्चिम में- प्लॉट क्र. 33, उत्तर में- आम रास्ता 20 फुट, दक्षिण में- प्लाट नंबर 47 व कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमती रेखा पत्नी श्री शैलेन्द्र सिंह के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान रामकुमार, मनीराम, रामस्वरुप, श्रीकृष्ण एवं रामबाबू सभी पुत्रगण स्व. श्री रामचरण एवं श्रीमती सुमित्रा पत्नी स्व. श्री रामचरण के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान रामबाबू शर्मा पुत्र स्व. श्री रामचरण शर्मा द्वारा श्रीमती रेखा पत्नी श्री शैलेन्द्र सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP25792021A11055232 व दिनांक 14.12.2021 से विक्रय की गई है तदानुसार उक्त संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 30.11.2025

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय - 'मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट' ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर
मो.9826820987

### आम सूचना

श्रीमती नेहा सिकरवार पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह सिकरवार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 13, ब्लॉक-डी स्थित स्टार सिटी कॉलोनी, ग्राम पुरानी छावनी, प.ह.नं.46, रा.नि.मं.पुरानी छावनी, विकासखण्ड घाटीगॉंव, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.64 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.685, 686, 687, 688, 689 एवं 731 ग्राम पुरानी छावनी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड क्र.डी - 15 एवं डी-14, पश्चिम में-भूखण्ड क्र. डी-12, उत्तर में-रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.डी-18 एवं डी-19 । उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गुलजार सिंह पुत्र श्री बघेल सिंह एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गुलजार सिंह द्वारा सम्पति 0.123 हैक्टेयर एरिया गुरूनानक डेवलपर्स जर्ये पार्टनर्स 1.श्री प्रीतम सिंह घुमान पुत्र श्री कुलवंत सिंह घुमान, 2.श्री अयद विन्देर सिंह पुत्र श्री कुलवंत सिंह घुमान, 3.श्री नीरज कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री महेश चन्द्र कुलश्रेष्ठ, श्री मनीष सिंह यादव पुत्र श्री दिनेश सिंह यादव, 5.श्री कुशल सरिन पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार सरिन, 6.श्री मुलायम सिंह यादव पुत्र श्री शोभालाल यादव, 7.श्री विक्रम सिंह यादव पुत्र श्री दाताराम यादव एवं 8.श्री मनीष सिंह पुत्र श्री रामदास सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142602020 ए1846046 दिनांक 16.12.2020 से विक्रय की गई। गुरूनानक डेवलपर्स जर्ये पार्टनर्स 1.श्री प्रीतम सिंह घुमान एवं 2.श्री विक्रम सिंह यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नेहा सिकरवार पत्नी श्री पुष्पेन्द्र सिंह सिकरवार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी142602023 ए12421848 दिनांक 03.10.2023 से विक्रय की गई। श्रीमती नेहा सिकरवार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन
हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

डॉ. विनोद जैन
9425360508
पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
गुप्त रोग विशेषज्ञ
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460